Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding establishment of international sports stadium in Purnia.

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया): सभापति जी, मैं पूर्णिया लोक सभा क्षेत्र से आता हूं और यह ऐस्प्रेशनल डिस्ट्रिक्ट में शामिल है । मैं आपके माध्यम से खेल मंत्री से मांग करता हूं कि यहां अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण हो, ताकि पूर्णिया के युवा उस स्टेडियम में अपनी प्रतिभा को उभार सकें । हमारे देश में आधे से अधिक आबादी युवाओं की है, इसलिए खेल के क्षेत्र में माननीय प्रधान मंत्री और खेल मंत्री काफी रुचि ले रहे हैं । पूर्णिया में जो इंदिरा गांधी स्टेडियम है, उसका अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के रूप में जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण किया जाए ।